16.12.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 1830 पीएम
प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री कल जयपुर में 46 हजार तीन सौ करोड रूपये से अधिक की चौबीस परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे–प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर व्यापक तैयारियां।
- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा –राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत के विश्व गुरू बनने की दिशा में आदर्श बदलाव की परिचायक।
- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने लापरवाही से जुड़े दो अलग–अलग मामलों में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया।
- पूरा प्रदेश कड़ाके की ठण्ड की चपेट में– ज्यादातर जगह रात का तापमान सामान्य से नीचे।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जयपुर के पास दादिया में राज्य की मौजूदा सरकार का एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भाग लेंगे। 'एक वर्ष–परिणाम उत्कर्ष' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ऊर्जा, सड़क, रेलवे और पानी से जुड़ी 46 हज़ार 300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री विशाल जनसभा को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक की 9 परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिनमें 7 केंद्र सरकार की और 2 राज्य सरकार की परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा वे 35 हज़ार 300 करोड़ रुपये से अधिक की 15 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे, जिनमें 9 केंद्र सरकार की और 6 राज्य सरकार की परियोजनाएं शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया जायेगा, उनमें नवनेरा बैराज, स्मार्ट इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन नेटवर्क और एसेट मैनेजमेंट सिस्टम परियोजनाएं, भीलड़ी–समदड़ी–लूनी–जोधपुर–मेड़ता रोड–डेगाना–रतनगढ़ खंड का रेलवे विद्युतीकरण और दिल्ली–वडोदरा ग्रीन फील्ड अलाइनमेंट एनएच–148एन परियोजना के पैकेज 12 सहित अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री 9 हज़ार 400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से रामगढ़ बैराज और महलपुर बैराज के निर्माण कार्य और नवनेरा बैराज से चंबल नदी पर एक्वाडक्ट के माध्यम से बीसलपुर बांध और इसरदा बांध तक पानी पहुंचाने की योजना की आधारशिला रखेंगे।

.........................

इस बीच आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दादिया पहुंचकर सभा स्थल का दौरा किया और तैयारियों की समीक्षा की।

जयपुर शहर में कल सांगनेर सहित अन्य स्थानों पर यातायात की विशेष व्यवस्था रहेगी। प्रधानमंत्री की कल की जनसभा में प्रदेश के विभिन्न स्थानों से भी बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना के मद्दे नजर व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत के विश्व गुरू बनने की दिशा में आदर्श बदलाव की परिचायक है। श्री देवनानी ने आज जयपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित एक सेमिनार का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह नीति लोगों को भारतीय होने के गर्व की अनुभूति करायेगी साथ ही युवाओं में विश्लेषण क्षमता का विकास भी करेगी। उन्होंने कहा कि इस नीति से राष्ट्र के विश्वविद्यालय बहु– विषयक बन सकेंगे, पुरानी शिक्षा नीति में इस बारे में किसी तरह के प्रावधान नहीं थे।

...............................

श्री देवनानी ने कहा कि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति युग की बातों को देशानुकूल और देश की बातों को युगानुकूल बनाने का आधार है। इस शिक्षा नीति में आधुनिक विश्व की आवश्यकताओ को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बाद छात्र–छात्राएं शिक्षा यात्रा में ब्रेक ले सकेंगे।

000

राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े आज चित्तौड़गढ़ के दौरे पर रहे। राज्यपाल ने श्री सांवलिया जी के दर्शन कर मंदिर मंडल के विकास कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने चित्तौड़ दुर्ग का भ्रमण किया। श्री बागड़े ने दुर्ग की स्थापत्य कला की सराहना की। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचन्द गहलोत भी आज चित्तौड़गढ दुर्ग को देखने पहुंचे। उन्होंने शौर्य के प्रतीक विजय स्तम्भ की स्थापत्य का बेजोड़ नमूना बताया। श्री गहलोत ने दुर्ग में रह रहे लोगों के बारे में भी जानकारी ली।

000

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में 21 फर्जी विश्वविद्यालय हैं। शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने आज लोकसभा में जानकारी दी कि पिछले दस वर्षों में बारह फर्जी विश्वविद्यालय बंद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कई संस्थानों और विश्वविद्यालयों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई है।

000

..................

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने लापरवाही से जुड़े दो अलग–अलग मामलों में राजस्थान के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। आयोग ने दोनों मामलों में मीडिया रिपोर्टों का स्वतः संज्ञान लिया है और मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एक मामला जयपुर के सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय के जेके लोन अस्पताल से जुड़ा है। इस अस्पताल में भर्ती 10 साल के बच्चे को इलाज के दौरान दो बार गलत खून चढ़ा दिया गया। एक अन्य मामले में दौसा जिले में 150 फुट गहरे बोरवेल में करीब 56 घंटे तक फंसे रहने के बाद 11 दिसंबर को पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई।
आयोग ने कहा है कि यदि मीडिया रिपोर्ट में दी गई जानकारी सही है तो इससे पीड़ित के मानवाधिकारों के उल्लंघन के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं।

000

1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में आज पूरा देश विजय दिवस मना रहा है। युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी जा रही है। 1971 में इसी दिन पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल ए खान नियाजी ने 93 हजार सैनिकों के साथ भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी के सामने बिना शर्त आत्मसमर्पण कर दिया था। युद्ध की समाप्ति के बाद पूर्वी पाकिस्तान का उदय बांग्लादेश के रूप में हुआ । विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज 1971 के युद्ध के बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्षामंत्री ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पांजली अर्पित की।
प्रदेश में भी विजय दिवस पर विभिन्न आयोजन हुए। जयपुर में सप्त शक्ति कमाण्ड की ओर से प्रेरणा स्थल पर शहीदों को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। इस अवसर पर स्टेशन के सभी रैंक और वेटरन्स उपस्थत थे। बाड़मेर में शहीद स्मारक पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री के. के. विश्नोई ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। सेना, वायु सेना, सीमा सुरक्षा बल, और पुलिस की ओर से शहीद सैनिकों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। साथ ही शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया।

अजमेर के विजय स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। भरतपुर के लोहागढ़ स्टेडियम स्थित शहीद स्मारक पर आज 54वां विजय दिवस समारोह मनाया गया। समारोह में पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं का सम्मान भी किया गया। इस दौरान 1971 में भारत–पाकिस्तान युद्ध की वीर गाथाओं को सुनाया गया।

000

पूरा प्रदेश कड़ाके की सर्दी की चपेट में है और अधिकांश स्थानों पर रात का तापमान सामान्य से नीचे चल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार सीकर के फतेहपुर में आज छठे दिन भी न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज हुआ। इसी तरह चूरू में रात का पाराएक दशमलव 5 डिग्री, करौली में एक दशमलव 6, माउंट आबू में 2, अलवर में 2 दशमलव 2 सीकर में 2 दशमलव 5, संगरिया और पिलानी में 2 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस तापमान रहा। इन स्थानों पर शीतलहर के कारण लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। अलवर और सवाईमाधोपुर में आज सुबह मैदानों में बर्फ की परत देखी गयी। जालौर में भी आज शीतलहर का असर रहा वहां न्यूनतम तापमान 3 दशमलव 6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

.................

राजधानी जयपुर में न्यूनतम तापमान में मामूली उतार–चढ़ाव चल रहा है और आज ये 7 दशमलव 4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि आगामी दिनों में न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने आगामी कुछ दिनों तक तेज़ ठण्ड और शीतलहर की संभावना जताई है।

...................

000